## खबर संक्षेप

### गणितीय उत्कृष्टता की ओर एक सशक्त कदम

**बवानीखेड़ा।** निदेशक एससीईआरटी के मार्गदर्शन में 1-2 अगस्त 2025 को आयोजित 2 दिवसीय गणित ऑलंपियाड क्षमता निर्माण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रहा। राज्य के सभी जिलों से आए डीएमएस एवं मैथमेटिक्स फैकल्टी ने एस.ए.कटरे, श्किरन बारवे एवं आलोक कुमार के मार्गदर्शन से गणितीय अवधारणाओं और प्रशिक्षण तकनीकों का गहन ज्ञान अर्जित किया। सभी जिला गणित विशेषज्ञों की ओर से हम इस कार्यक्रम के आयोजकों और सभी प्रशिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। यह पहल निश्चित रूप से गणित शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के प्रदर्शन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

### तीन चरणों में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**चरखी दादरी।** अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से हर घर तिरंगा अभियान गाइड लाइंस जारी की गई हैं।

### नकारात्मक विचारों से दूर रहने की जरूरत

**चरखी दादरी।** आज इंसान को सबसे ज्यादा अपने आपको व्यसन-विकारों, बुराइयों और नकारात्मक विचारों से खुद दूर रखने करने की जरूरत है। जो केवल आध्यात्मिकता से ही संभव है। यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझू कलां शाखा के तत्वावधान में नशा मुक्त सद्भावना युक्त समाज-निर्माण एवं रक्षाबंध विषय को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत झोझू कलां स्थित भारतीय स्टेट बैंक , कोऑपरेटिव बैंक, हरियाणा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक मैनेजर सहित स्टाफ सदस्यों को रक्षासूत्र बांधते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

### देश को विकसित बनाने में सभी का योगदान जरूरी

**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। भारत को विकसित बनाने में सभी का योगदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के साथ साथ- साथ सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। विधायक सर्राफ शनिवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी से सीधे प्रसारण दिखाने के कार्यक्रम के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त जारी की।

---

### हरियाणा जागृति मोर्चा ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

# बारिश के पानी की निकासी में नकारा गिरदावरी, मुआवजा ही बचा सहाराः सिंधू

घरों में पानी घुसने से होने लगे मकान डैमेज, मच्छरों की वजह से महामारी फैलने की बनी आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बारिश के पानी की सही ढंग से निकासी न होने की वजह से चहुंओर हाहाकार मचा है। इसी समस्या को लेकर शनिवार को हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने सीएम को ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू कस्बा बवानीखेड़ा के लोगों से मिले और जमा बारिश के पानी के बारे में जानकारी ली। बाद भेजे गए ज्ञापन में हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि शहर, कस्बा व ग्रामीण इलाकों में पानी की निकासी में प्रशासन पूरी तरह फेल साबित हो रहा है।

पानी की निकासी न होने की वजह से ग्रामीण इलाकों में तीन तीन फुट तक बारिश का पानी जमा है। फसले पानी में डूब चुकी है। कपास,ज्वार व बाजरे की फसल खातमें के कगार पर हैं। अगर अगले एक दो दिनों में पानी की निकासी नहीं हुई तो किसानों को खरीफ की फसलों से हाथ धोना पड़ सकता है। पानी को लेकर चहुंओर हाहाकार मचा है,लेकिन सरकार व प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है।


**भिवानी।** जलभराव से प्रभावित इलाकों की विशेष गिरदावरी की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रति एकड़ 80 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग

सरकार की तरफ से अभी तक पानी से बर्बाद फसलों की विशेष गिरदावरी तथा जो मकान बारिश के पानी से डैमेज हुए है। उनकी पहचान करने का कार्य की घोषणा तक भी नहीं हुई है। लगता है सरकार पानी से प्रभावित किसान व अन्य लोगों को कोई मदद नहीं करना चाहती । उन्होंने सीएम को भेजे ज्ञापन में मांग की कि सरकार जल्द ही पानी से प्रभावित इलाकों की विशेष गिरदावरी करवाए और जिन किसानों की फसलें खतम हो गई है। उन किसानों को 80 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिलाया जाए। इनके अलावा शहर, कस्बा व ग्रामीण इलाकों में बारिश के पानी से जो मकान व निर्माण क्षतिग्रस्त हुए है। उनकी पहचान करके पीड़ितों को निर्माण दोबारा से खड़ा करने के लिए मुआवजा आदि दिलाया जाए। अगर प्रशासन ने बारिश के पानी से प्रभावित लोगों की मदद नहीं की तो वे जल्द ही पहले भिवानी और उसके बाद भी पूरे प्रदेश में आंदोलन का बिगूल बजाने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर मनसुख डाबडिया, चुन्नीलाल, सतीश, विकास, नीतिन गुर्जर, अधिवक्ता राजेंद्र सूई, अधिवक्ता शुभम मेहरा मौजूद थे।


**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में बारिश का जमा पानी व निकलते हुए वाहन।

#### भिवानी-हांसी मुख्य मार्ग पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को बढ़ी परेशानी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा शहर में हो रही मानसूनी बरसात के कारण आने को स्थान पर जल भराव होने से कस्बा वासियों व राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर भिवानी-हांसी मुख्य मार्ग पर भी पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जानकारी अनुसार हांसी चुंगी के पास लगभग दो से ढाई फीट तक पानी जमा होने के चलते वाहन चालकों में परेशानी हो गई है। वहीं ग्रामीण संजय, विक्रम, प्रमोद, काला, विकास, दीपक, प्रवीण आदि ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी नहीं होने के कारण उन्हें अनेकों प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग पर पानी जमा होने के चलते वाहन चालकों को भी परेशानी में डाल दिया है वही कस्बा वासियों ने जल्दी ही प्रशासन से जमा हुए बरसाती पानी से निजात दिलाने की मांग की है। वही नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि जहां जल भराव की समस्या है। वहां पंप सेट व ट्रैक्टर आदि का सहारा लिया जा रहा है ताकि जमा हुए पानी को निकाला जा सके। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे पानी की निकासी की जा रही है ताकि आमजन को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

---


**बाढड़ा।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते एक वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

## हर विधानसभा में होंगे आयोजन, 24 से चलेगा भाईचारा सम्मेलनः प्रताप

- समाज को जोड़ने की ऐतिहासिक पहल साबित होगी : श्योराण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

जाट आरक्षण समिति ने एक बार फिर समाज को एकजुट करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। यह बात जाट धर्मशाला गामडी चरखी दादरी में आयोजित कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने घोषणा की है कि आगामी 24 अगस्त से पूरे हरियाणा में भाईचारा सम्मेलन की श्रृंखला शुरू की जाएगी।

यह सम्मेलन हर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होंगे और इनका मकसद सामाजिक एकता, सद्भाव और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देना है। समिति का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब समाज में राजनीतिक ध्रुवीकरण और जातीय तनाव बढ़ रहे हैं। स मेलन का उद्देश्य समाज को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठाकर एकजुट करना है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम श्योराण ने संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक लोग समाज को बांटने का काम करते हैं, लेकिन हमें जोड़ने की ज़रूरत है।

#### समाज की भागीदारी से ही बदलेगा भविष्य

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे फौगाट खाप के अध्यक्ष सुरेश फौगाट ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए समाज की ही भागीदारी जरूरी है। हमें किसी एक नेता, पार्टी या संगठन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। हमारा उद्देश्य है भाईचारे की भावना को फिर से जीवित करना, जिससे समाज का हर वर्ग सशक्त हो सके। इन स6मेलनों के माध्यम से समिति युवाओं, किसानों, महिलाओं और बुद्धिजीवियों से संवाद स्थापित करेगी। हर विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, रोजगार और आरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर पर धर्मवीर अध्यक्ष जाट धर्मशाला, चरखी दादरी जिला अध्यक्ष सरपंच अजीत सिरसली, भिवानी के जिला अध्यक्ष जौरा सिंह, मास्टर विनोद मांढी,कप्तान भीम सिंह द्वारका, कप्तान हवासिंह डांगी, कुलदीप फौगाट, सरपंच हरिकिशन, वीरेंद्र पहलवान, राजेंद्र सिंह, नरेश आदि मौजूद रहे।

---

## सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- सांसद ने जल्द ही भिवानी से ट्रेनों का संचालन शुरू किए जाने का दिया आश्वासन : नवीन गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व फैडरेशन ऑफ भिवानी के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने भिवानी रेलवे जंक्शन से विभिन्न ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से किए जाने की मांग सांसद के समक्ष रखी, जिस पर सांसद ने सकारात्मक रूख दिखाया। इस मौके पर नवीन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सांसद के समक्ष ट्रेन 09002 जो कि भिवानी से मुंबई से पहले चलती थी, जिसका पुनः शुरू किए जाने, ट्रेन 09007-09008 भिवानी-बोरीवाली को नियमित तौर पर शुरू करने, टेन 12984 चंडीगढ़-अजमेर गरीबरथ का मुबई तक विस्तार किए जाने, ट्रेन 12240 हिसार-बांद्रा का सूरत में ठहराव किए जाने, ट्रेन नंबर-22475 हिसार से कोयंबटूर को भिवानी से शुरू किए जाने, ट्रेन नंबर-22738 हिसार से सिकंदराबाद को भिवानी में शुरू किए जाने, ट्रेन 22916 हिसार से बांद्रा को भिवानी तक विस्तार दिए जाने की मांग रखी। गुप्ता ने कहा कि भिवानी के बहुत से व्यापारियों का सूरत व मुंबई में व्यापार है। जिसके लिए व्यापारी बंधुओं का आना जाना रहता है, उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए हिसार या दिल्ली जाना पड़ता है,सामान साथ होने व परिवार के बुजुर्ग व्यक्तियो के साथ होने पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यदि इन ट्रेनों का संचालन भिवानी से पुनः होता है तो ना केवल व्यापारी बंधुओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। नवीन गुप्ता ने बताया कि सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने उनकी मांगों की तरफ सकारात्मक रूख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि उनकी जल्द ही रेल मंत्री से मुलाकात होनी है। जो ट्रेन 09002 तथा ट्रेन 09007-09008 जो कि पहले भिवानी से मुंबई के लिए चलती थी, उन्हें पुनः जल्द शुरू करवाया जाएगा।

## विधायक ने लोगों संग किया पौधरोपण

- विधायक सांगवान ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुनील सांगवान ने शनिवार को गांव रानीला में स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया और लोगों के साथ पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने दूसरों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। यह समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। वहीं कहा कि पिछले कई वर्षों से पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाए रखने की दिशा में महन्त राजेन्द्र दास महाराज द्वारा विभिन्न जिलों में हजारों त्रिवेणी के पौधे लगाकर ऐतिहासिक कार्य किया गया है।


**चरखी दादरी।** समारोह में विधायक सुनील सांगवान व नित्यानंद। *फोटो: हरिभूमि*

#### स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन लगा रहा पौधे

उन्होंने बताया कि महंत राजेन्द्र दास महाराज ने प्रदेश के तीन जिलों में स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन एवं साध संगत के साथ मिलकर विभिन्न गांवों में 3500 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का विशेष अभियान चलाया है। इस अवसर पर महन्त राजेन्द्र दास महाराज ने पेड़-पौधों को संत की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे संत समाज कल्याण के लिए कार्य करते हैं, वैसे ही पेड़-पौधे दिन-रात हमें शुद्ध वायु, भोजन और छाया प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताएं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेड़-पौधों पर ही निर्भर हैं।

---

## तालु में जलभराव से बीमारियां फैलने की आशंका

- गांव पुर, सिवाड़ा, तालु, कुंगड़, धनाना, बलियाली, जताई, सुई, सुमराखेड़ा सहित दर्जनों गांवों जलभराव की समस्या से जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा ने कहा कि बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांव पुर, सिवाड़ा, तालु, कुंगड़, धनाना, बलियाली, जताई, सुई, सुमराखेड़ा सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण व किसान इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहे है।

जहां पर सरकार व प्रशासन के बरसाती पानी की निकासी के सभी दावे पूरी तरह से फेल हो रहे है। उन्होंने कहा कि गांव तालु का कन्या पाठशाला में पानी भरा है। गांव का जलघर में भी भारी जलभराव है। जिसके समाधान की मांग ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के अध्यक्ष जोगेंद्र तालु एवं जिला प्रधान राजसिंह इस मुद्दे को काफी दिनों से गंभीरता से उठाए हुए है, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन इस दिशा में गंभीरता से कार्य नहीं कर रहा, जिसका खामियाजा प्रत्येक ग्रामीण व किसान को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गांव में पहले से ही कैंसर के बहुत से मरीज है। जलभराव तथा उससे पनपने वाली बीमारियां उनके साथ-साथ अन्य ग्रामीणों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।



**तोशाम।** तालू गांव में रिहायशी क्षेत्र में जमा पानी। *फोटो: हरिभूमि*

#### सांसद धर्मबीर सिंह का पैतृक गांव है तालु

गोदारा ने बताया कि गांव तालु भाजपा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह का पैतृक गांव है, लेकिन इसके बावजूद भी इस गांव में बरसाती पानी निकासी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धबीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि जिला के बहुत से गांव ऐसे है, जहां पर बरसाती पानी की निकासी के कोई व्यापक प्रबंध नहीं है। जिसके कारण उन गांवों में भारी जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे एक तरफ जहां ग्रामीणों को परेशानी व किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। जलभराव के कारण गांवों में बीमारियां फैलने का भी भय बना है।

## बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

- प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया विधायक सुधीर शर्मा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान एवं जीवन ज्योति फाउंडेशन, भिवानी द्वारा हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में श्रीराम पाठशाला में बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के मंच संचालक धर्मवीर नागर ने कहा कि सुधीर शर्मा हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से पांचवीं बार विधायक बने हैं। वे पूर्व में मंत्री भी रहे हैं। उनके पिता स्व.संत राम शर्मा भी हिमाचल प्रदेश के दिग्गज नेता रहे हैं। सुधीर शर्मा बच्चों व असहाय लोगों को मदद करने में अग्रसर रहते हैं। अपने स्वयं के कोष से न केवल स्कूली बच्चों की सहायता करते हैं बल्कि इन दिनों प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों को भी 84 लाख रुपये की सहायता राशि दी है। श्रीराम पाठशाला प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रमेश बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें आज बड़ी ही खुशी हुई कि सुधीर शर्मा का जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खुशी का मौका हमें बच्चों के साथ साझा करना चाहिए। जीवन ज्योति फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमवीर शर्मा ने कहा कि विधायक सुधीर शर्मा के जन्मदिन पर हर वर्ष भिवानी में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरण समारोह आयोजित किया गया।


**भिवानी।** बच्चों में लेखन सामग्री वितरित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

---

## पौधों के बिना जीवन अधूराः सतीश

- हर व्यक्ति से अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के जिला अध्यक्ष सतीश तंवर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने हर व्यक्ति से अपने जन्मदिन पर एक एक पौधारोपित करने का आहवान किया। ताकि प्रदेश में हरियाली को गति दी जा सके।

वे आज दुर्गा देवी पब्लिक स्कूल पालवास में संघ की पौधारोपित मुहिम को आगे बढ़ते हुए स्कूल स्टाफ व बच्चों के साथ पौधारोपण किया। साथ ही अन्य शिक्षकों को भी एक एक पौधा लगाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम को एक मुहिम बनाया जाना चाहिए। सभी लोगों को पौधे लगाने के फायदों की भी जानकारी दी। तभी इस अभियान को मुकाम तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल संघ ने एक लाख पौधे लगाने का जो लक्ष्य रखा गया है भिवानी इकाई के द्वारा लगभग अभी तक 200 पौधों का रोपण किया गया है । इस लक्ष्य को जल्द ही शिक्षकों व बच्चों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उसके बाद प्रदेश में हरियाली को पंख लग जाएंगे।


**भिवानी।** स्कूल में पौधरोपित करते हुए हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के जिला अध्यक्ष सतीश तंवर। *फोटो: हरिभूमि*

### सौहार्द की भावना को भी बढ़ावा देती हैं प्रतियोगिताएं : बीईओ

## खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में आयोजित करवाए जा रहे दो दिवसीय खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता दूसरे दिन शनिवार को उत्साहपूर्वक समापन हो गया। इस दौरान अंडर-11 व अंडर-14 वर्ग की बालिकाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया।

प्रतियागिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, लांग जंप, थ्रो बॉल आदि खेलों में बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड की देखरेख में किया गया। आयोजन समिति के नोडल अधिकारी प्रवक्ता मदन गोपाल जिम्मेदारी निभाई। वही आयोजन समिति के सदस्यों में प्राचार्य रीमा परमार, सीमा सरदाना, पवन शास्त्री, रविंद्र वैद, अनिता नाथ, सत्यवान कोच, सह प्रभारी विनोद पिंकू रहे।



**भिवानी।** विजेता प्रतिभागियों के साथ खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

#### चैस अंडर-11 में लड़कियों में स्नेहा ने मारी बाजी

वही निर्णायक मंडल की भूमिका निभाते हुए सुखदेव रंगा डीपीई, राजेश्वर ढिल्लों, रामचंद्र पूनिया, राजेश परमार कलिंगा, सुनील पीटीआई कोहड़, मोतीलाल जांगड़ा, सरिता डीपीई, राजवंती प्रवक्ता, संजय यादव बापोड़ा, उर्मिला देवी, प्रवीण भारद्वाज, राजेश डीपीई धनाना, नसीब कलिंगा, गजानंद पीटीआई, सुशील दहिया, संजय सैनी, अनीता खेड़ा, शैलेंद्र पीटीआई ने प्रतियोगिता का संचालन व्यवस्थित व सफलतापूर्वक किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी अनिल गौड ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल भावना को बढ़ावा देती है, बल्कि छात्राओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामाजिकता भी सिखाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताए विद्यालयों के बीच आपसी मेल-जोल व सौहादर्य की भावना को बढ़ावा देती है। प्रतियोगिता के सह प्रभारी विनोद पिंकू ने बताया कि चैस अंडर-11 में लड़कियों में प्रथम स्नेहा, द्वितीय केरा, तृतीय अर्पिता, चौथे स्थान अनन्या सोनी, पांचवे स्थान पर दिव्या रही। वही अंडर 14 आयु वर्ग चैस में आरिदिया प्रथम, एंजेल द्वितीय, चारवी तृतीय, हर्षिता चौथे और योगिता पांचवें स्थान पर रही। अंडर 14 राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनाना प्रथम, हलवासिया विद्या विहार भिवानी द्वितीय, राजकीय उच्च विद्यालय अमरावत तृतीय स्थान पर रही।

## खबर संक्षेप

### इनसो स्थापना दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रम 5 को

**बाढड़ा।** आगामी पांच अगस्त को इनसो स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बेरला गांव में पौधरोपण के साथ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पार्टी के हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली ने जानकारी देते हुए बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम के साथ -साथ श्योराण खाप पच्चीस के बड़े गांव बेरला में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### अध्यापक करवाते हैं छात्र के स्तर से अवगत : प्रमोद

**तोशाम।** शनिवार को गांव बुशाण के बाबा मुंगीपा विद्यापीठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के अनेक अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान अभिभावकों ने अध्यापकों से मिलकर विद्यार्थियों की बारीकी से जानकारी ली। प्राचार्य प्रमोद दीक्षित ने कहा कि अभिभावक अध्यापक बैठक समय-समय पर होना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि अध्यापक अभिभावक को विद्यार्थी के स्तर से अवगत करवाते हैं।

### पांच दिवसीय स्कूली खेल प्रतियोगिता शुरू



**लोहारू।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि खेलों से मनुष्य का शारीरिक ही नही बल्कि मानसिक विकास भी होता है। वर्तमान में खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों ने अपने परिवार, गांव और इलाके का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। वे स्थानीय चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित खंड स्तर की पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रही थी।

### एसओपी जारी होने से कच्चे कर्मचारियों में खुशी

**बवानीखेड़ा।** गत दिवस राज्य के मुख्यमंत्री ने 120000 कच्चे कर्मचारियों की नौकरी पक्के करने की घोषणा करने के बाद क्षेत्र के दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में कार्यरत अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने मिठाई बाटकर राज्य सरकार के मुख्यमंत्री नायब सैनी व हलका विधायक कपूर वाल्मीकि का आभार व्यक्त किया है। सब यूनिट प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने कच्चे कर्मचारियों की 58 साल तक नौकरी पक्की करने का जो काम किया है ।

### 3 पिस्तौल व 24 कारतूस बरामद, दो आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** दादरी स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने 3 पिस्तौल व 24 कारतूसों के साथ 2 युवकों को काबू किया है। सीआईए स्टाफ की एक टीम हेड कांस्टेबल विकास के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ चौक पर गस्त पर तैनात थे। टीम को सूचना मिली कि भैरवी से घसोला रोड पर दो युवक अवैध हथियार लिए हुए किसी के इंतजार में खड़े हुए हैं। जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने भैरवी रोड पर दबिश दी।

---

### सीटू ने एसडीएम के माध्यम से श्रम मंत्री को ज्ञापन भेजा

# श्रमिकों ने रोष मार्च निकाल कर श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी

### अनाज मंडी में निर्माण मजदूरों की मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



बाढड़ा। मांगों को लेकर अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हुए।

प्रदेश सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के विरोध में सीटू, कामगार निर्माण संगठन की अगुवाई में उपमंडल के श्रमिकों ने रोष मार्च निकाला और उपमंडल कार्यालय पहुंच कर एसडीएम के माध्यम से श्रममंत्री को मांगों का ज्ञापन भेजा।

श्रमिकों के समर्थन में पहुंचे पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, राजू मान, छात्र संघ अध्यक्ष विजय मोटू, कामरेड ओमप्रकाश, कामरेड सुखबीर सिंह आदि ने पहुंच कर समर्थन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कस्बे कि आनज मंडी में निर्माण मजदूरों की मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान भूप सिंह नांधा ने की तथा संचालन जिला संयोजक सुमेर सिंह ने किया। रोष रैली के बाद श्रमिकों ने अनाज मंडी से नारा लगाते हुए जुलूस निकालकर एसडीम कार्यालय पहुंचकर श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपा। रोष रैली को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड सुखबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार का हवाला देकर बोर्ड के सभी ऑनलाईन काम बंद कर दिये हैं जिसके चलते पिछले दो माह से पास हुए सुविधा फार्मो की राशि को भी सत्यापन के नाम पर रोक दिया गया है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार निर्माण मजदूर कारीगरों के लंबे संघर्ष के दम पर बनवाये गए श्रम कल्याण बोर्ड को ही बंद करना चाहती है। बोर्ड का पोर्टल बन्द होने के चलते ना केवल सुविधाओं पर रोक लग गयी है बल्कि नया पंजीकरण भी बन्द हो गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने चहेते दलालों एवं भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिए श्रमिकों को बलि का बकरा बना रही है। जब सरकार ने 2018 में बोर्ड में तमाम कार्यो को ऑनलाइन किया था तभी यूनियन ने आगाह किया था कि इससे बोर्ड में भ्रष्टाचार बढ़ेगा व सरकार धीरे-धीरे बोर्ड को खत्म कर देगी। उसके बाद से ही वर्क सत्यापन, परिवार पहचान पत्र इत्यादि की बेमानी शर्तो के चलते बोर्ड भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों के चंगुल में फंसता चला गया। यूनियन द्वारा लगातार संघर्ष के दौरान भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर शिकंजा कसने की मांग की गई थी मगर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया क्योंकि इसमें ज्यादातर लोग सरकार के ही हैं। अब बीजेपी सरकार ने भ्रष्टाचार का हवाला देकर निर्माण मजदूर-कारीगरों के हकों पर ही कुठाराघात करते हुए बोर्ड के सभी कार्यों को बन्द कर दिया है जिस कारण प्रदेश के 10 लाख निर्माण मजदूर मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो गए हैं। सरकार की मनमानी के विरोध में निर्माण मजदूर सरकार के खिलाफ भारी गुस्से और आक्रोश में हैं और आने वाली 14 सितंबर को हजारों निर्माण मजदूर बड़ी संख्या श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदर्शन करेंगे जिसकी तैयारियों के लिए यूनियन के नेता व कार्यकर्ता गांव व शहर के मोहल्लों में बैठके कर रहे हैं।

इस रोष प्रदर्शन में निर्माण श्रमिकों के समर्थन में सीपीएम नेता कामरेड ओमप्रकाश, कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक सोमबीर श्योराण, कांग्रेस के युवा नेता राजू मान, श्योराण खाप के प्रधान बिजेंदर बेरला, पूर्व चेयरमैन सुरेश मान, रामअवतार बाढड़ा, सत्यपाल आर्यनगर, किसान सभा के नेता रणधीर कर्मचारी नेता कामरेड सुखदेव पालुवास, सीटू जिला प्रधान कमलेश भैरवी, सीटू जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार धिकाडा रोशन लाल, कामरेड रामपाल धारनी, भूप सिंह धारणी, ब्रह्मपाल बाढडा, राजकुमार हडोदी, सुमेर सिंह भांडवा, हवासिंह प्राचार्य, कर्मचारी महेंद्र सिंह पंचगांव, शीशराम जगरामबास, रामरती, संतोष, रोशनी, सुनीता आदि मौजूद रहे।

#### सभी मांगों को तत्काल पूरा करे सरकार

*पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने कहा कि सरकार को श्रमिकों की सभी मांगे जिनमें बंद किए गए पंजीकरण दोबारा से खोले जाए, रोकी गई सुविधा राशि जारी करवाई जाए, बोर्ड में कर्मचारी और अधिकारियों की भर्ती करके बोर्ड का स्वतंत्र ढांचा खड़ा किया जाए, 90 दिन के काम के सत्यापन का अधिकारी यूनियनों को दिया जाए, बेईमानी शर्तें लगाकर रद्द किए गए लाभ के आवेदनों को बहाल करके मजदूरों को उनका लाभ दिया जाए, परिवार पहचान पत्र के नाम पर मजदूरों को प्रताड़ित करना बंद किया जाए, शिविर लगाकर प्रवासी मजदूरों सहित सभी मजदूरों का पंजीकरण किया जाए, जिला स्त्र पर वेरिफिकेशन के लिए यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल किया जाए।*

---



बाढड़ा। मांगों को लेकर आयोजित धरने को संबोधित करते हुए।

# किसान 18वें दिन भी सरकार के खिलाफ धरनारत रहे

■ खरीफ 2025 के लंबित मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

खरीफ 2025 के लंबित मुआवजे के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर के नीचे आज 18 वें दिन भी क्षेत्र के किसान धरनारत रहे।

किसानों ने सरकार द्वारा सुनवाई न करने पर रोष प्रकट करते हुए जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरु करने का फैसला लिया। कस्बे के जुई रोड़ स्थित अनाज मंडी परिसर में इनेलो नेता राम अवतार बाढड़ा की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर श्योराण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, बेरोजगारों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। भाजपा सरकार के 11 साल में हमारे क्षेत्र के गरीब किसान, मजूदर व्यपारी, कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ किया गया है। सरकार व बीमा कंपनियां आपसी मिलीभगत कर किसानों को मुआवजा दे रही है और ना ही मौजूदा रबी सीजन का ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा दे रही है। सीएम केवल दिखावे की बैठक तो कर रहे हैं लेकिन धरातल पर कुछ असर नहीं दिखा। कृषि क्षेत्र में खाद बीज की किल्लत पैदा कर व किसानों की संतान को आगे बढने के लिए शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। सोलर कैनेक्शन एक वैकल्पिक सुविधा के तौर पर दी गई थी लेकिन अब सरकार उनको जानबूझ कर ट्यूबवैल कैनेक्शन देने से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल पंजीपति व्यवस्था लागू करना चाहती है वहीं जवान व किसान की उपेक्षा करना सरकार को भारी पड़ेगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों व श्रमिकों के हितों से खिलवाड़ कर रही है जो किसी सूरत में न्यायसंगत नहीं है। किसान सभा नेता रामपाल धारणी ने कहा कि चुनाव में बड़े -बड़े दावे करने वाले सांसद धर्मबीर सिंह, किरण चौधरी, कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व अन्य विधायक किसान की आवाज सुनने तक नहीं आ रहे है जिससे खिलाफ अब लोगों में रोष बना हुआ है। जिले के सत्तासीन जनप्रतिनिधियों की मदद के बिना कंपनी इतना बड़ा गोलमाल करना संभव नहीं है।

---

# युवाओं को राष्ट्रहित व सामाजिक कार्यों से जोड़ना था कार्यक्रम का उद्देश्य : चरणदास

■ हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में पौधे रोपित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में पौधे रोपित करते हुए।

हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस और गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर हुआ था।

शनिवार को हवन, राष्ट्रभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधारोपण व नशा मुक्त जागरूकता संकल्प कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए पुजारी ध्यानदास व समाजसेवी रमेश सैनी ने बताया कि बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में आयोजित हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर शनिवार को बतौर मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सिंह ने शिरकत की तथा उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया।

### सीएचसी के स्टाफ पर लगाए आरोप, कार्रवाई करने की मांग

**लोहारू।** लोहारू समस्या समाधान सामाजिक संगठन के प्रदीप सैनी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत भेजकर लोहारू सीएचसी के स्टाफ पर आरोप लगाए तथा कार्रवाई की मांग की है।

प्रदीप सैनी ने आरोप लगाया है कि वह अपनी गर्भवती पत्नी को नियमित जांच के लिए लोहारू सीएचसी ले गया था। इस दौरान स्टाफ के स्टाफ सदस्यों ने समुचित उपचार देने की बजाए उनके साथ उचित व्यवहार तक नही किया। सीएचसी में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा भी शुरू की थी लेकिन पत्नी को अल्ट्रासाउंड की सलाह दी गई जबकि उसने पहले ही अल्ट्रासाउंड करा रखा था।

# दिव्या ने हॉकी प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

### छात्रा दिव्या ने प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से उपलब्धि हासिल करने का पेश किया उदाहरण : प्राचार्या सुमन



भिवानी। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

हाल ही में जयपुर में आयोजित हुए चौथे राष्ट्रीय युवा खेलों में महम गेट स्थित श्रीहरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय की छात्रा दिव्या शर्मा ने हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस जीत ने न केवल उनके विद्यालय और जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है, बल्कि यह अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

महाविद्यालय खेल संयोजक एवं संस्कृत प्रवक्ता सुनील शास्त्री ने बताया कि दिव्या की इस अद्भुत उपलब्धिमहाविद्यालय में शनिवार को उनका स्वागत किया गया। सुनील शास्त्री ने कहा कि छात्रा दिव्या ने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर जो उपलब्धि हासिल की है, उससे ना केवल महाविद्यालय स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी, बल्कि जिला के समस्त नागरिक गौरवांवित हुए है। प्राचार्या सुमन शर्मा ने दिव्या की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। दिव्या की सफलता एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे एक लडक़ी अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती है। इस अवसर पर हिमांशु सेमवाल, प्रतिभा शर्मा, ललिता शर्मा, मीरा शर्मा, पवन शर्मा, पारूल, अंजू शर्मा, रीतू शर्मा, राहुल यादव, आदि मौजूद रहे।

---



### माता की प्रेरणा से जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाने के लिए आगे आया अजय

**भिवानी।** गांव रिवाड़ीखेड़ा निवासी 28 वर्षीय अजय ने ने हाल ही में पहली बार रक्तदान किया और उनकी यह कहानी कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। उन्होंने यह निर्णय अपनी मां सुशीला से प्रेरित होकर लिया, जिन्होंने उन्हें दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। जानकारी के अनुसार अजय की माता सुशीला को पता चला कि भिवानी में एक जरूरतमंद मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता है। यह जानकर उन्होंने अपने पुत्र अजय को आगे बढ़कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद अजय ने फ्रीडम ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान किया। इस मौके पर समाजसेवा के प्रति अनूठी सोच रखने वाले रक्तदाता अजय व उनकी माता को पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने फ्रीडम ब्लड बैंक में जाकर सम्मानित किया और समाज के अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित होने का आह्वान किया। सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है।

# लिटिल हार्टस के प्रांगण में नन्हे-मुन्नों ने दिए देशभक्ति व स्वास्थ्य संबंधी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न मुद्राओं में बालक।

लिटल हार्टस कॉनवेन्ट स्कूल के प्रांगण में आज एल.के.जी. के बच्चों की हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें हमारे देश की संस्कृति, देशभक्ति व स्वास्थय व खान-पान को ध्यान में रखने वाले विषय प्रमुख थे।

विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में आज एल.के.जी. के चार विभागों रोज, लोटस, लिली, जसमिन की हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने हमारे देश की संस्कृति, हरियाली तीज, देशभक्ति, स्वास्थय, खान-पान, जीव-जन्तुओं व पक्षियों से प्रेम आदि विषयों को प्रकाशित करते हुए चिड़िया का संसार, सूरज भैया, आई तीज, समय की कीमत, पेड़ लगाओ, बारिश, मेरा बस्ता, इन्द्रधनुष, तितली, आहा टमाटर, बिल्ली मौसी, देशभक्ति, सैनिक आदि विषयों पर अत्यंत मनमोहक व एक से बढ़कर एक कविताएँ सुना कर सबका मन मोह लिया।



### ऑकवुड स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंकिंग ज्ञान की ओर बढ़ाया कदम, फेडरल बैंक का किया भ्रमण

**भिवानी।** दि आकवुड स्कूल के कक्षा छह से 10वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने शनिवार को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में भिवानी के फेडरल बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल सेवाओं एवं वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने विद्यार्थियों के दल को रवाना किया। भ्रमण के दौरान बैंक मैनेजर उत्कर्ष दुबे तथा उनके सहयोगी समीर ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें एटीएम की कार्यप्रणाली, इसके सुरक्षित उपयोग के उपाय, तथा बैंक की लॉकर सुविधा की उपयोगिता, बैंक मे खाता खोलने, बैंक खाते से जुड़ी सुविधाओं तथा असली व नकली करंसी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका अधिकारियों ने सहज और स्पष्ट उत्तर दिया। बैंक के विभिन्न विभागों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर डिजिटल बैंकिंग, पासबुक प्रिंटिंग, ग्राहक सेवा और वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के बारे में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

---

**कार्यक्रम** दादरी में पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर कार्यक्रम आयोजित

# सुरक्षित भविष्य के लिए बदलें खेती के तरीके : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। किसानों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

भविष्य को सुरक्षित करने के लिए खेती करने के तरीकों में बदलाव करना बेहद जरूरी है। कीटनाशकों के प्रयोग के चलते हमने मिट्टी की उत्पादन क्षमता को खराब कर लिया है। जमीन में पानी जाने वाले छेद बंद हो गए हैं। यही नहीं अब फसलों में कीटनाशकों के छिड़काव से कारण बीमारियां भी होने लगी हैं। अगर अभी नहीं संभले तो देर हो जाएगी।

यह बात लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने दादरी में पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर आयोजित कार्यक्रम में कही। सांसद ने मौजूदा खेती के तौर तरीकों पर गंभीरता जाहिर करते हुए कहा कि अब खेती में जरूरत से कई गुना कीटनाशकों का प्रयोग होने लगा है। एक दूसरे को देखकर जहां 50 किलो यूरिया डालनी चाहिए वहां कई क्विंटल डालते हैं। हमारा क्षेत्र धान की फसल के लिए नहीं है। फिर भी हजारों एकड़ धान उगाई जा रही है। सबको पता है धान में सबसे अधिक कीटनाशक का प्रयोग होता है और फिर उसमें ताजा पानी चाहिए। ज्यादा पानी होने पर नहरों में डाल देते हैं, जो पीने के पानी में मिलता है। कहीं ना कहीं हम सब जहर पी रहे हैं। अगर खेती के तरीकों को नहीं बदला गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि मौसम पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान दक्षिण पश्चिम मानसून ने रास्ता बदला है। सबको याद है पहले सावन के महीने में हर रोज बारिश की झड़ी लगती थी। छोटी छोटी बूंदे होती थी। अब मोटी बूंदों वाली बारिश आती है। अब पलवल, नूह, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, दादरी व लोहारू जैसे क्षेत्रों में ज्यादा बारिश होती है और मध्य हरियाणा में कम। उन्होंने कहा कि दादरी के क्षेत्र में साढ़े तीन हजार साल पहले इसी तरह से पहले मानसून ने रास्ता बदला था तो अगले 700 साल यहां बूंद नहीं पड़ी। अब सामाजिक तौर पर फैसले लेने का समय है। उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं दे रही है। किसान सम्मान निधि, बुढ़ापा पेंशन और कुछ दिनों बाद महिलाओं को 2100 रूपये मिलेंगे। हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं। पहले किसी ने नहीं सोचा कि जरूरतमंदों की सहायता की जाए।

# स्कूल, पीएचसी, पशु अस्पताल परिसरों में जमा बारिश के पानी की निकासी जल्द हो : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

### सांसद धर्मबीर सिंह ने बारिश के मद्देनजर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

■ नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े : सांसद

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ.धर्मबीर सिंह ने सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बारिश के दौरान जिला के विभिन्न ग्रामीण और शहरी इलाकों में बनी जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाएं ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

सिंचाई, जन स्वास्थ्य, नगर परिषद और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम विभाग के अनुसार इस साल सितंबर तक भी अच्छी खासी बारिश का अनुमान है। ऐसे में विभाग योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए प्रबंध करे। जिला के जिन स्कूल में पानी भरा है उसको तुरंत निकला जाए और अगर किसी घटना का अंदेशा है तो पानी निकासी तक दूसरी जगह क्लास लगाई जाएं।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर घोषित हो चुके स्कूल भवनों में कक्षाएं ना लगाएं, कक्षाओं के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव में अन्य कोई उपयुक्त जगहों का चयन करें। सांसद शनिवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में बारिश के मद्देनजर पानी निकासी को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। इस दौरान उपायुक्त साहिल गुप्ता भी मौजूद रहे। बारिश के दौरान जलघरों में गंदा पानी नही जाना चाहिए। लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलना चाहिए। गंदे पानी से लोगों का बीमार होना स्वाभाविक है, ऐसे में लोगों का जीवन भी सुरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने सिंचाई और पंचायत विभाग के अधिकारियों से जिला में जलभराव वाले क्षेत्रों में बारिश के पानी की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने पानी निकासी को लेकर अब तक किए गए प्रबंधों के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि पानी निकासी का वैकल्पिक प्रबंध जरूरी है। सांसद ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निचले इलाकों में जमा बारिश के पानी को ऊंचाई वाले जरूरतमंद गांवों में पहुंचाने के लिए उचित प्रबंध करें।

